हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 01अक्टूबर 2025, समय 1810 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

1. सेवा के लिए शासन के मंत्र पर चलते हुए मोदी सरकार ने अटल पेंशन योजना के माध्यम से असंगठित कार्यबल के लिए सामाजिक सुरक्षा को मजबूत किया ।

2. हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने किसानों से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और नकली बीज ना प्रयोग करने का आहवान किया ।

3. भारत संचार नगर निगम लिमिटेड के पंजाब एंव हरियाणा परिमंडल ने अपना स्थापना दिवस मनाया ।

4. सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा द्वारा अंबाला मे नमों युवा रन का आयोजन किया गया ।

....................................................................................................................................

सेवा और सुशासन, यानी जनसेवा के लिए शासन के मंत्र पर चलते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला - 'सेवा पर्व' में, हम आपको बताएंगे कि कैसे मोदी सरकार ने अटल पेंशन योजना के माध्यम से भारत के असंगठित कार्यबल के लिए सामाजिक सुरक्षा को मजबूत किया है।

*नरेंद्र मोदी सरकार ने भारत के असंगठित कार्यबल की जरूरतों पर विशेष ध्यान दिया है। असंगठित कार्यबल में दीर्घायु जोखिम और सेवानिवृत्ति सुरक्षा की कमी जैसी दोहरी चुनौतियों का समाधान करने के लिए मई 2015 में अटल पेंशन योजना शुरू की गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बताया है कि यह योजना लाभार्थियों के भविष्य का आधार कैसे बनेगी... (प्रधानमंत्री - अटल पेंशन)*

*यह योजना सेवानिवृत्ति के लिए स्वैच्छिक बचत को प्रोत्साहित करने के लिए बनाई गई है, जिसमें शामिल होने की आयु और अंशदान की राशि से जुड़े परिभाषित पेंशन लाभ प्रदान किए जाते हैं। मुख्य रूप से अनौपचारिक क्षेत्र के गरीब और वंचित श्रमिकों को लक्षित करते हुए, यह योजना देश की सबसे समावेशी और सुलभ सामाजिक सुरक्षा पहलों में से एक बनकर उभरी है। इस वर्ष की शुरुआत में, पेंशन योजना के लाभार्थियों की संख्या 8 करोड़ को पार कर गई और कुल 45 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि जुटाई गई। इसमें महिलाओं की भागीदारी भी बढ़ रही है, जो अब सभी लाभार्थियों का*

*लगभग 48 प्रतिशत है। लाभार्थी इस योजना द्वारा प्रदान की गई सुरक्षा की सराहना करते हैं...*

*अटल पेंशन योजना भारत के सामाजिक सुरक्षा तंत्र की आधारशिला बनकर उभरी है। डिजिटल एकीकरण, महिलाओं की भागीदारी और ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुँच पर सरकार के निरंतर ध्यान ने इस योजना के पूरे भारत में विस्तार में मदद की है*

..............................................................................................................................................

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा वैदिक काल से सामाजिक, सांस्कृतिक व धार्मिक क्रांति के सूत्रधार युग पुरुषों की जन्मस्थली रहा है। इन महान संतों ने अपनी शिक्षाओं के माध्यम से सम्पूर्ण मानव जाति का मार्गदर्शन किया है। मुख्यमंत्री आज रोहतक में स्वामी आत्मानंद हरियाणा अनुसूचित जाति शिक्षा समिति द्वारा आयोजित महान समाज सुधारक स्वामी आत्मानंद महाराज जी की 140वीं जयंती समारोह को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वामी आत्मानंद जी महाराज ने जीवनपर्यंत शोषित एवं वंचित समाज के उत्थान की दिशा में कार्य किया। उन्होंने जात-पात के भेदभाव का विरोध करते हुए आर्य समाज के साथ जुड़क़र समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने में योगदान दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती का जिक्र भी किया और बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक दशहरा के पावन पर्व की नागरिकों को अग्रिम बधाई दी।

मुख्यमंत्री ने शिक्षा समिति को अपने स्वैच्छिक कोष से 51 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। उन्होंने शिक्षा समिति की सभी मांगों को पूरा करवाने का आश्वासन भी दिया। इस दौरान सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद_शर्मा ने समिति को अपने स्वैच्छिक कोष से 21 लाख रुपए और राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने भी अपने स्वैच्छिक कोष से 11 लाख रुपए देने की घोषणा की।

..............................................................................................................................................

हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा है कि सरकार 24 घंटे किसानों की सेवा के लिए तत्पर है। कृषि मंत्री आज कुरुक्षेत्र में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा आयोजित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से संबंधित राज्य स्तरीय समारोह मेरी पॉलिसी मेरे हाथ को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। मौके पर करीब 50 किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की पॉलिसी दी गई।

कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत करीब 1 करोड़ 17 लाख किसानों ने बीमा करवाया है तथा इसके माध्यम से किसानों को अब तक 9 हजार 99 करोड़ रुपए की राशि का मुआवजा वितरित किया जा चुका है। मेरी पॉलिसी मेरे हाथ देने के उद्देश्य का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा –

कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तथा प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में किसानों की आय में वृद्धि के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने किसानों को कहा कि प्राकृतिक खेती को बढावा दे और नकली बीज का प्रयोग न करे। उन्होंने किसानों से पराली को न जलाने की अपील भी की।

..........................................................................................................................

भारत संचार निगम लिमिटेड –BSNL द्वारा आज देश भर में अपना स्थापना दिवस मनाया गया। चंडीगढ़ में रजत जयंती समारोह की शुरुआत सुबह सुखना झील पर वाकेथॉन से हुई। इस मौके पर पंजाब परिमंडल के मुख्य महाप्रबंधक अजय कुमार करारा ने बताया –

बाद में बी एस एन एल द्वारा सेक्टर 17 में समारोह का आयोजन किया गया। यहाँ मुख्य महाप्रबंधक ने सर्कल नेटवर्क ऑपरेशन प्रणाली- सी –नोक का उद्घाटन किया।

उन्होंने बताया –

..........................................................................................................................

बीएसएनएल के हरियाणा परिमंडल द्वरा अंबाला कार्यालय में रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक एवं जागरूकता कार्यक्रमों के साथ-साथ उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के संकल्प को दोहराया गया।

हरियाणा परिमंडल के मुख्य महाप्रबंधक अमित सिंघल ने कहा-

..........................................................................................................................

सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा द्वारा आज अंबाला शहर में नमो युवा रन का आयोजन किया गया। इस मैराथन में हजारों की संख्या में युवाओं, विद्यार्थियों और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष मनदीप राणा सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

..........................................................................................................................